# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 30 जून, 2022** **थाना नरौरा**

**अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के 03 शातिर सदस्य थाना नरौरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से विभिन्न जनपद/थानाक्षेत्रों से चोरी की गयी 13 मोटर साइकिल एवं अवैध असलहा, कारतूस बरामद।**

जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 29/30-06-2022 की रात्रि में थानाध्यक्ष नरौरा मय पुलिस टीम के क्षेत्र में गश्त एवं संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थे कि एक अभिसूचना प्राप्त हुई कि वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य चोरी की दो अलग अलग मोटर साइकिल पर सवार होकर गुन्नौर की तरफ से नरौरा की तरफ आने वाले हैं जिनके पास अवैध असलहा भी है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष नरौरा मय पुलिस फोर्स के गंगा बैराज पुल पर पहुंचकर सघन चैकिंग करने लगे कि थोड़ी देर बाद गुन्नौर की तरफ से दो मोटरसाइकिल आती दिखाई थी जिनको टॉर्च की रोशनी दिखाकर रुकने का इशारा किया। नजदोक आने पर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पुलिस को चैकिंग करते देख मोटर साइकिलों को पीछे मोडकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तों को समय करीब 1:30 बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हमने अपने एक साथी मुकेश पुत्र कुंवरपाल निवासी न्यौरा थाना रजपुरा जनपद संभल के साथ मिलकर कई स्थानों नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली, अलीगढ़, बुलंदशहर से मोटरसाइकिल चोरी की है तथा चोरी की गई मोटरसाइकिलो को हम लोगों ने नरौरा नई बस्ती बंबा किनारे जाने वाले रास्ते पर बने खंडहर में छिपा रखी हैं जिनकी निगरानी हमारा साथी मुकेश कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल अभियुक्तों द्वारा बताए अनुसार स्थान पर पहुंचकर अभियुक्त मुकेश को भी गिरफ्तार करते हुए चोरी की अन्य 11 मोटरसाइकिलों को भी बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. बलबीर पुत्र ओमपाल निवासी जयदासपुर थाना रजपुरा जनपद सम्भल।
2. राकश पुत्र राधेश्याम निवासी तुमरिया घाट थाना रजपुरा जनपद सम्भल।
3. मुकेश पुत्र कुवंरपाल निवासी न्यौरा थाना रजपुरा जनपद सम्भल।

**बरामदगी-**

1. 01 हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल नं0 यूपी-13एक्स-0704 (थाना नरौरा क्षेत्र से चोरी)
2. 01 मोटरसाइकिल डीएल-3एसडीएस-4205(दिल्ली से चोरी)
3. 01 डिस्कवर मोटरसाइकिल नं0-यूपी-81यू-6559(अलीगढ क्षेत्र से चोरी)
4. 01 पैशन मोटरसाइकिल नं0-यूपी-13एक्स-4324(थाना अनूपशहर क्षेत्र से चोरी)
5. 01 हीरो स्पलैंडर मोटरसाईकिल नं0-यूपी-81एक्यू-7542
6. 01 हीरो स्पलैंडर मोटरसाईकिल बिना नम्बर
7. 01 हीरो स्पलैंडर प्लस मोटरसाईकिल नं0 यूपी-16बीएस-0978 (थाना सूरजपुर नोएडा से चोरी)
8. 01 हीरो स्पलैंडर मोटरसाईकिल यूपी-87पी-1941(थाना कासना नोएडा से चोरी)
9. 01 हीरो स्पलैंडर प्लस मोटरसाईकिल यूपी-14डीक्यू-5362 (थाना विजयनगर गाजियाबाद से चोरी)
10. 01 पैशन मोटरसाईकिल यूपी-14क्यू-3127 (थाना साहनीगेट गाजियाबाद से चोरी)
11. 01 पैशन प्रो मोटर साइकिल यूपी-38ई-2725 (आनन्दविहार दिल्ली से चोरी)
12. 01 हीरो स्पलैंडर प्रो मोटरसाईकिल यूपी-24एच-1930
13. 01 डिस्कवर मोटरसाईकिल यूपी-14बीआर-6938
14. 02 तमंचे 315 बोर, 04 जिन्दा कारतूस

## मौके से बरामद 02 मोटर साइकिलों का विवारण-

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया कि मौके से बरामद मोटरसाइकिल करीब 8-10 दिन पूर्व बैलोन पैठ नरौरा से चोरी की गई थी जिसके संबंध में थाना नरोरा पर मुअसं-152/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। तथा दूसरी मोटरसाइकिल को करीब एक वर्ष पूर्व संजय विहार दिल्ली से चोरी करना बताया जिसके संबंध में जिपनेट पर सर्च करने पर मुअसं-4364821 धारा 379 भादवि पंजीकृत होना पाया गया।

## अन्य 07 बाइकों को ट्रैस करने पर यह मोटर साइकिलें निम्न जनपदों/थानाक्षेत्रों से चोरी होना पायी गयी-

1- डिस्कवर मोटरसाइकिल यूपी-81यू-6559 को थाना गांधीपार्क जनपद अलीगढ़ क्षेत्र से चोरी होना पायी गयी जिसके संबंध में थाना गांधीपार्क पर मुअसं-421/22 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

2- पैशन मोटर साइकिल यूपी-13एक्स-4324 को थाना अनूपशहर क्षेत्र से चोरी चोरी होना पायी गयी जिसके संबंध में थाना अनूपशहर पर मुअसं-196/13 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

3- हीरो स्पलैंडर प्लस मोटरसाइकिल यूपी-16बीएस-0978 को थाना सूरजपुर नोएडा क्षेत्र से चोरी होना पायी गयी जिसके संबंध में थाना सूरजपुर पर मुअसं-191/18 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

4- हीरो स्पलैंडर मोटरसाइकिल यूपी-87पी-1941 को थाना कासना जनपद नोएडा क्षेत्र से चोरी होना पायी गयी, जिसके संबंध में थाना कासाना पर मुअसं-29/21 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

5- हीरो स्पलैंडर प्लस मोटरसाईकिल यूपी-14डीक्यू-5362 को थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी होना पायी गयी। जिसके संबंध में थाना विजयनगर पर मुअसं-1680/18 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

6- पैशन मोटरसाईकिल यूपी-14क्यू-3127 को थाना साहनीगेट जनपद गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी होना पायी गयी जिसके संबंध में थाना साहनीगेट पर मुअसं-1569/10 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

7- पैशन प्रो मोटर साइकिल यूपी-38ई-2725 को आनन्दविहार दिल्ली क्षेत्र से चोरी होना पायी गयी, जिसके संबंध में थाना आनन्दविहार पर मुअसं-186/15 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अंतर्राज्यीय वाहन चोर हैं जिनके द्वारा शेष मोटरसाइकिलों को विभिन्न जनपदों/थानाक्षेत्रों से चोरी करने की स्वीकारोक्ति की गयी है जिन्हें भी इंजन/चेसिस नंबर की मदद से ट्रैस करने का प्रयास किया जा रहा हैं। अभियुक्तगण चोरी कर मोटसाइकिलों की नम्बर प्लेट बदलकर धोखाधडी कर आस-पास क्षेत्रों में सस्तें दामों में बेच देते हैं।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना नरौरा पर मुअसं-153/22 धारा 379,411,414,420,467,468,471 भादवि एवं मुअसं-154 व 155/2022 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>**

1. श्री अजीत सिंह थानाध्यक्ष नरौरा।
2. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह।
3. का0 सोनू सिंह, का0 रजनेश सिंह, का0 अजीत चाहर, का0 विपिन सिंह, का0 राजीव कुमार, है0का0 चालक अलाउद्दीन।










मीडिया सैल बुलन्दशहर